Press Release

भारत में 'Star Trek Beyond' फिल्म को प्रमोट करेगी mydala.com

मीडिया पार्टनर के तौर पर वायकॉम 18 के साथ गठबंधन जारी रखा

नयी दिल्ली, 22 जुलाई, 2016: स्थानीय सेवाओं की मार्केटिंग के लिए भारत के अग्रणी प्लेटफॉर्म mydala.com प्रतिष्ठित Star Trek Reboot Series सीरीज की तीसरी किस्त '**Star Trek Beyond**' के लिए मीडिया साझीदार के तौर पर शामिल हुई है। यह फिल्म भारत में आज रिलीज हो रही है।

mydala.com अपने यूजर्स को एक **#StarTrekBeyond** प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका दे रही है जहां भारत में 209 शहरों इसके 40 करोड उपभोक्ता फिल्म की टिकटें और ऑफिशियल मर्चेंडाइज जीत सकते हैं। mydala देश में सबसे बडा मोबाइल कॉमर्स प्लेटफॉर्म भी है जो प्रतिमाह 66 लाख से अधिक सौदे कर रहा है और इसका 85 प्रतिशत हिस्सा मोबाइल प्लेटफॉर्म से होता है।

इस अवसर पर, mydala.com की **संस्थापक और सीईओ अनीशा सिंह** ने कहा, "हम एक अन्य जबरदस्त हॉलीवुड फिल्म **Star Trek Beyond** के लिए वायकॉम 18 मोशन पिक्चर्स के साथ जुडकर उत्साहित हैं। अग्रणी प्रोडक्शन हाउसों के लिए एक प्रभावी डिजिटल पार्टनर के तौर पर हमारा एक बहुत सफल ट्रैक रिकॉर्ड रहा है जहां ज्यादातर फिल्में जबरदस्त हिट हुईं हैं। Star Trek फिल्म के भारत में भारी तादाद में प्रशंसक हैं और हमें विश्वास है कि Star Trek Beyond अपने आप में इतिहास बनाएगी।"

mydala.com इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को प्रमोट करने के लिए 13 करोड से अधिक यूजर्स के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगी। यह फिल्म अंतरिक्ष में और एक नए ग्रह पर अच्छाई और बुराई के बीच युद्ध से

भरपूर फिल्म है। "Beyond" में पराक्रमी टीम के सदस्य अपरिचित ग्रह तक पहुंचने की संभावना तलाशते हैं जहां उनकी मुठभेड एक नए दुश्मन से होती है जो उन्हें मुश्किल चुनौतियां देता है।

इस साल यह छठी फिल्म है जिसका mydala वायकॉम 18 के लिए प्रमोशन कर रही है– अन्य फिल्मों में दृश्यम, टर्मिनेटर जेनेसिस, मिशन इंपॉसिबल 5 रफ नेशन, प्यार का पंचनामा 2, संता बंता प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

mydala ने अन्य प्रमुख प्रोडक्शन हाउसों जैसे जंगली पिक्चर्स, वायकॉम 18, धर्मा प्रोडक्शंस, यश राज फिल्म्स, यूटीवी मूवीज, बाबा फिल्म्स / इरोज इंटरनेशनल और बालाजी मोशन पिक्चर्स के साथ भी काम किया है।

क्या आप एक मजेदार प्रतियोगिता में शामिल होकर मस्ती का मौका जीतना चाहते हैं तो इस प्रतियोगिता में नीचे दिए लिंक पर क्लिक कर भाग लें

https://www.facebook.com/mydala/photos/a.278254314893.142458.145305979893/10154368279439894/?type=3

निर्देशन : जस्टिन लिन

प्रमुख कलाकार : Zachary Quinto (as Spock), Chris Pine (as James T. Kirk), Zoe Saldana (as Uhura)

mydala के बारे में

वर्ष 2009 में स्थापित mydala_उपभोक्ता उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध करा रहे बडे ब्रांडों, दुकानदारों और विज्ञापनकर्ताओं के लिए स्थानीय सेवाओं की मार्केटिंग का भारत का सबसे बडा प्लेटफॉर्म है। इसने भारत में 209 शहरों में 40 करोड ग्राहकों को साधने के लिए 1,50,000 से अधिक विज्ञापनकर्ताओं/दुकानदारों के साथ गठबंधन कर रखा है।

mydala अपने व्यापक दायरे और पहुंच के माध्यम से विज्ञापनकर्ताओं व दुकानदारों को आकर्षक पेशकशों और प्रमोशन कैंपेन के जरिए उनके लक्षित ग्राहकों तक पहुंचने के लिए ग्राहकों के अनुरूप और किफायती समाधानों की पेशकश करती है। mydala के माध्यम से हर महीने ग्राहक 40 लाख सौदे करते हैं जिससे प्रति माह 300 करोड रूपये से अधिक की खुदरा खरीद फरोख्त होती है।

कृपया अधिक जानकारी www.mydala.com पर प्राप्त करें

अधिक सूचना के लिए संपर्क करें

सुनंदा कृष्णा

9899942706
sunanda.krishna@mydala.com

पल्लवी शर्मा / साक्षी राय
09650258707/ 8802101655
Pallavi@kommune.in / sakshi@kommune.in